कार्यालय जिला विकास अधिकारी मीरजापुर।

पत्रांक 935 / जन0सू0लि0 / सूचना / 2024–25 दिनांक 24/9/24

श्री योगी एम.पी. सिह,
मो0 सुरेखापुरम् जबलपुर रोड,
संगमोहाल,मीरजापुर पिन नं0–231001

कृपया आप अपने आन लाइन आवेदन पत्र comrd/r/2023/60119 दिनांक– 02.07.2023 का सन्दर्भ लें, जिसके द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत 06 विन्दुओं पर सूचना चाही गयी है।

उपरोक्त के कम में आपके द्वारा चाही गयी विन्दुवार सूचना निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है:–

विन्दु संख्या	प्रश्न	उत्तर
1–	कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के जन सूचना अधिकारी परियोजना निदेशक, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी की प्रथम तैनाती का विवरण उपलब्ध करा सकते है कि उनकी प्रथम तैनाती किस जिले में तथा किस तिथि को हुई।	विन्दु 01 की सूचना दिया जाना सम्भव नही है।
2–	कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी जनपद मीरजापुर में जन सूचना अधिकारी आवेदक को यह बता सकते है कि किस तिथि को मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक एवं जिला विकास अधिकारी ने जनपद मीरजापुर में कार्यभार ग्रहण किया था, उस समय उनका पद क्या था।	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य विकास अधिकारी, जनपद में दिनांक 18.12.2023 को पदभार ग्रहण किये है, परियोजना निदेशक जनपद में दिनांक 02.07.2024 को पदभार ग्रहण किये है तथा जिला विकास अधिकारी जनपद में दिनांक 09.07.2022 को पदभार ग्रहण किये है।
3–	कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर में समस्त प्रथम श्रेणी के कर्मचारियों की जनपदीय कार्यभार ग्रहण तिथि, पदस्थापन विवरण आवेदक को उपलब्ध कराया जाय।	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के कार्यालय में प्रथम श्रेणी के अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी दिनांक 18.12.2023 से तैनात है।
4–	मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के कार्यालय में द्वितीय श्रेणी के समस्त कर्मचारियों की तैनाती विवरण, जिले में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि आवेदक को उपलब्ध करायें।	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के कार्यालय में द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी तैनात नही है।
5–	जिले में मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के कार्यालय में सभी तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की कार्यभार ग्रहण तिथि, पदस्थापन विवरण आवेदक को उपलब्ध करायें।	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर कार्यालय में श्री अनील कुमार यादव, आशु लिपिक के पद पर दिनांक 09.12.2023 से तैनात है, एवं श्री सिराजउल्ला खॉ, वाहन चालक दिनांक 14.11.2023 से सम्बद्व इनकी तैनाती वि0ख0 सीटी में है।
6–	जनपद के मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर कार्यालय के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कार्यभार ग्रहण तिथि एवं कार्य विवरण उपलब्ध करायें।	इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर कार्यालय में श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव,अर्दली के पद पर दिनांक 27.01.2024 से सम्बद्व इनकी तैनती वि0ख0 सीटी में है।

जिला विकास अधिकारी,
मीरजापुर।

पत्रांक 935 / दिनांकित।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– मुख्य विकास अधिकारी महोदय,मीरजापुर।

जिला विकास अधिकारी
मीरजापुर।